डॉ. हेडगेवार के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायेगी सरकार : मुख्यमंत्री

महानाट्य का मंचन पटना के अतिरिक्त बिहार के अन्य जिलों में भी कराया जायेगा

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित बापू सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर0एस0एस0) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नादब्रह्म संस्था, नागपुर द्वारा निर्मित भव्य महानाट्य %संघ सृजन का आविष्कार -युगप्रवर्तक डॉ0 हेडगेवार% के मंचन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत महानाट्य का अवलोकन किया।

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार द्वारा आयोजित इस भव्य नाट्य प्रस्तुति का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, संघर्ष, त्याग, समर्पण, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा उनके विचारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। डॉ0 हेडगेवार जी के जीवन पर आधारित इस महानाट्य के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, त्याग, अनुशासन और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉ0 हेडगेवार जी एक स्वतंत्रता सेनानी, विचारक और कुशल संगठनकर्ता थे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि डॉ0 हेडगेवार जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना कर संगठन और राष्ट्रसेवा की एक ऐसी परंपरा विकसित की, जो आगे चलकर देशभर में विस्तारित हुई। संघ की शाखाओं के माध्यम से इससे जुड़े लोग राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रसार के लिए निरंतर कार्य करते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री



आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत को समृद्ध, उन्नत और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि डॉ0 हेडगेवार जी के जीवन, संघर्ष, विचारों और संकल्प को समझने के लिए यह महानाट्य एक महत्वपूर्ण माध्यम है। बिहार में दो करोड़ से अधिक युवा हैं। नई पीढ़ी, विशेषकर जेन-जी (१९९७) को डॉ0 हेडगेवार जी के जीवन, राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और उनके विचारों से अवगत कराना आवश्यक है।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह डॉ0 मोहन सिंह, बिहार भाजपा संगठन महामंत्री श्री भिखूभाई दलसानिया, महानाट्य के निर्माता श्री पद्माकर धानोरकर, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, पटना मेडिकल कॉलेज एवं एवं अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 डॉ0 राजीव कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोग तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त होने पर रेलवे ने बढ़ायी विशेष ट्रेनों की सुविधा, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना (आससे)। भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। भागलपुर एवं नवगछिया-कटिहार के बीच सड़क संपर्क प्रभावित होने पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर आवागमन प्रभावित होने से आम लोगों को हो रही असुविधा को देखते हुए रेलवे द्वारा रेल सेवाओं का विस्तार किया जाना सराहनीय एवं जनहितकारी कदम है। इससे भागलपुर, नवगछिया, कटिहार तथा आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा भागलपुर से नवगछिया-कटिहार की ओर सुबह के समय गाड़ी संख्या 05781 भागलपुर (सबौर) - कटिहार स्पेशल और गाड़ी संख्या 03407 भागलपुर-कटिहार स्पेशल चलाई जा रही है। वहीं, शाम के समय गाड़ी संख्या 03409 भागलपुर-कटिहार स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है।

बिहार सरकार

किलकारी
बिहार बाल भवन
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना– 800004

'प्रशिक्षक/तकनीकी कर्मी' हेतु निविदा आमंत्रण

बिहार बाल भवन 'किलकारी' में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कर्मियों (प्रशिक्षक/तकनीकी कर्मी) की सेवा लेने की आवश्यकता है। इच्छुक, निबंधित एवं अनुभवी एजेन्सी/फर्म/कम्पनी से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिनों के अंदर मुहरबंद लिफाफे में अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय निविदा हाथों–हाथ, निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, राजेन्द्रनगर पटना– 800004 के पते पर आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रपत्र एवं दिशा–निर्देश किलकारी वेबसाइट www.kilkaribihar.in से प्राप्त कर सकते हैं।

दूरभाष सं० 9031845710

PR- 014197 (B & C) 2026-27

(प्रशासी पदाधिकारी)

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

न्याय के साथ विकास के पक्ष में हुआ मतदान : नीतीश कुमार

पटना (आससे)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पहुंचकर विधानपरिषद की आठ सीटों के लिए स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे मतदान की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान वाररूम का निरीक्षण किया और मॉनिटरिंग टीम से क्षेत्रवार जानकारी ली।



संगठन के साथियों से भी उन्होंने फीडबैक लिया। इस दौरान विधानपरिषद् में सत्तारुढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ एवं राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारीएवं पूर्व सांसद अनिल प्रसाद हेगड़े उनके साथ मौजूद रहे।

ध्यातव्य है कि नीतीश कुमार ने इससे पहले सुबह अपने आवासीय कार्यालय ७, सर्कुलर रोड पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं विधानपरिषद सत्तारुढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ से मतदान संबंधी जानकारी ली। नीतीश कुमार ने मतदान समाप्ति के उपरांत कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आठों सीटों पर न्याय के साथ विकास के पक्ष में मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में स्नातक एवं शिक्षक ही मतदाता होते हैं और वे भलीभांति जानते हैं कि बिहार की एनडीए सरकार ने पिछले २१ वर्षों में शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में कितने कार्य किये हैं। वे निश्चित तौर पर अपना मत विकसित और समृद्ध बिहार के लिए देंगे।

उदय नारायण की माताजी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए नीतीश

पटना (आससे)। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विद्यापति मार्ग स्थित विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदयनारायण चौधरी के आवास पर उनकी माताजी स्व.उर्मिला चौधरी के श्राद्धकर्म में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नीतीश कुमार ने दिवंगत आत्मा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनहें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंटकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा की चिरशांति प्रदान



करते हुए अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस अपार दु:ख की घड़ी में शोक-संतप्त परिवार को धैर्य व संबल प्रदान करें। इस मौके पर बिहार विधान परिषद में सत्तारुढ़ दल के उपनेता सह विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ भी उपस्थित रहे।

कार्यालय, नगर परिषद्, बखरी (बेगूसराय)
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी छठ पर्व 2026 एवं काली पूजा के अवसर पर नगर परिषद, बखरी के सभी घाटों पर समूचित प्रकाश की व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, ड्रोन कैमरा, बैरिकेटिंग, टेंट, साउण्ड, रंग रोगन, पहूँच पथ का मरम्मति, चेंजिग रूम, घाटों के पहूँच पथ का सजावट, बैनर–पोस्टर, कंट्रोल रूम एवं अन्य व्यवस्था किया जाना है। इच्छुक निबंधित व्यक्ति दिनांक–02.11.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना कोटेशन दर दे सकते है।

इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान व्यवसायी जो उपरोक्त कोटेशन उपलब्ध कराना चाहते है वे दिनांक–02.11.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन मुहरबन्द लिफाफा में 02:30 बजे अपराह्न तक दे सकते है। जो दिनांक–02.11.2026 को 03:30 बजे सशक्त स्थायी समिति के समक्ष कोटेशन दर खोला जाएगा। जिसमें उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar या नगर परिशद्, बखरी कार्यालय (मो0 नं0–9430245296, 9031669306 एवं 7004532698) से संपर्क किया जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, बखरी

PR- 014132 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना
प्रेस विज्ञप्ति

श्री नवल किशोर सिंह, पट्टीबंधक, पशु शल्य चिकित्सालय, दानापुर के विरूद्ध बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप के लिए पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक 1079 (नि०), दिनांक–25.03.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित अधिगम (जाँच प्रतिवेदन) के पश्चात् पशुपालन निदेशालय के पत्रांक–2777(नि०), दिनांक–02.07.2026 के द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्राण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–18 (3) में निहित प्रावधान के अन्तर्गत लिखित अभिकथन समर्पित करने हेतु श्री सिंह को निदेशित किया गया तथा पुनः पत्रांक 3610(नि०), दिनांक–21.08.2026 द्वारा स्मारित भी किया गया। परन्तु श्री सिंह का द्वितीय लिखित अभिकथन अबतक अप्राप्त है।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री सिंह (सम्प्रति सेवानिवृत) को निदेशित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना लिखित अभिकथन समर्पित करें। यदि निर्धारित अवधि में आपका लिखित अभिकथन प्राप्त नहीं होता है तो यह माना जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं कार्यालय बाध्य होकर एक पक्षीय निर्णय लेने हेतु स्वतंत्रा होगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

अपर निदेशक (प०उ०)
पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना


PR- 014146 (Animal & Fish) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने परिवार के साथ किया मतदान

पटना (निप्र)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा के विधायक संजय सरावगी ने आज बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में



दरभंगा के बूथ संख्या 31 पर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

मतदान के बाद संजय सरावगी ने विभिन्न इलाकों में पहुंचे और मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मतदान की स्थिति, मतदाता सहायता कार्यों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सहायता और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी भी प्राप्त की।

संजय सरावगी ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनभागीदारी में निहित है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है और जनभावनाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलता है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत का दावा किया।

बिहार सरकार

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा

जलाशय बन्दोबस्ती की खुली डाक की सूचना
अति आवश्यक अल्पकालीन आम सूचना

प्रपत्र प्रारूप– 01

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, जिला– नालन्दा के अस्थावाँ अंचल में स्थित कुल्टी छिलका जलाशय एवं एकंगरसराय राढ़िल छिलका जलाशय की बन्दोवस्ती वर्ष 2026 से 2031 तक (30.06.2031)।

अर्थात 05 वर्षों के लिए बिहार राज्य जलाशय मात्स्यकी नीति–2022 के कंडिका–06 में उल्लेखित तथा बिहार जलाशय मात्स्यिकी प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश ज्ञापांक 183 दिनांक 25.01.2023 तथा निदेशक मत्स्य बिहार, पटना के आदेशांक 1894 दिनांक 14.09.2023 के आलोक में जलाशय की बन्दोवस्ती खुली डाक से जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा के द्वारा निम्नलिखित तिथियों को सुरक्षित तिथि सहित समय 11:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराहन तक जिला मत्स्य कार्यालय नालन्दा में की जाएगी।

बन्दोवस्ती की तिथि, डाक स्थल, सुरक्षित जमा राशि विवरणी निम्न है:

क्र	जिला का नाम	अंचल का नाम	जलाशय का नाम	जलाशय का जलक्षेत्र (हे0)	डाक की तिथि	डाक स्थल	सुरक्षित जमा की राशि (रुपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नालन्दा	अस्थावाँ	कुल्टी छिलका	1.85	12.11.2026 मुख्य तिथि एवं 18.11.2026 सुरक्षित तिथि	11:00 बजे पूर्वा से 5:00 बजे तक	1530.00
2	नालन्दा	एकंगरसराय	राढ़िल छिलका	1.53	12.11.2026 मुख्य तिथि एवं 18.11.2026 सुरक्षित तिथि	11:00 बजे पूर्वा से 5:00 बजे तक	1850.00

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा

PR. No. 014134 (Animal) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा
भवन निर्माण विभाग
Email.ID:-eeedarbhanga@gmail.com, Mo.:-9264293063

अवधि विस्तार

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26/2026–27, जिसका पी0 आर0 सं0–012745 (भवन) 2026–27 द्वारा जो समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं :–

पूर्व में	संशोधित
ई0–निविदा जमा करने का (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समयः 22.10.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा जमा करने का (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समयः 02.11.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।
ई0–निविदा की राशि का 2% EMD एवं हार्डकॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 23.10.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा की राषि का 2% EMD एवं हार्डकॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 03.11.2026 को 15:00 बजे अपराह्न तक।
ई0–निविदा की खोलने की तिथि एवं समयः 23.10.2026 को 15:30 बजे अपराह्न तक।	ई0–निविदा की खोलने की तिथि एवं समयः 03.11.2026 को 15:30 बजे अपराह्न तक।

शेष सभी विवरणी यथावत् रहेंगी।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा

PR- 014150 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सभी ८ सीटों पर एनडीए की जीत तय : उमेश कुशवाहा

पटना (आससे)। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानपरिषद की सभी आठ शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में एनडीए की जीत को लेकर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्त होने के बाद विभिन्न क्षेत्रों से मिल रहे फीडबैक से स्पष्ट है कि शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के बीच एनडीए के प्रति व्यापक समर्थन और उत्साह देखने को मिला है। सभी आठ सीटों पर एनडीए बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगा। विपक्ष कहीं भी एनडीए को चुनौती देने की स्थिति में नजर नही आया। श्री कुशवाहा ने कहा कि झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति करनेवाले विपक्ष को शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। विपक्ष ने चुनाव के दौरान भ्रम फैलाने की चाहे जितनी कोशिश की हो, लेकिन मतदाताओं पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी २७ अक्टूबर को होनेवाली मतगणना के बाद सभी आठ सीटों पर एनडीए की जीत का परचम लहराएगा।

डॉ. संजीव चौरसिया ने किया मतदान

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद स्नातक निर्वाचन-2026 के अवसर पर दीघा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक बिहार विधान सभा डॉ. संजीव



चौरसिया ने बूथ संख्या-25 मध्य विद्यालय शेखपुरा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार के महत्व को समझें तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान में अवश्य भाग लें। डॉ0 चौरसिया ने कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं] बल्कि एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक मत लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

(नगर विकास एवं आवास विभाग)
कार्यालय नगर निगम, सहरसा
अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in), संख्या–20/2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 22.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने/निविदा अपलोड करने प्रारम्भ की तिथि/समय : दिनांक 25.10.2026 के 10.30 बजे से (on https://eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बिड मीटिंग का समय स्थान /तिथि : दिनांक– 27.10.2026 के 10.00 बजे 2.00 बजे अपराह्न तक स्थान– कार्यालय नगर निगम, सहरसा ।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि /समय : दिनांक 30.10.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक (on https://eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 31.10.2026 के 4.00 बजे अपराह्न के बाद (on https://eproc2.bihar.gov.in)
7. परिमाण विपत्र मूल्य– : online payment के माध्यम से ही भुगतान किया जायेगा। https://eproc2.bihar.gov.in
8. कार्य का विवरण :–

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (अप्रत्यर्पणीय)	Bid processing fee (Throughonline payment)(अप्रत्यर्पणीय)
	नगर निगम, सहरसा क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डों में अवस्थित कुल 95 छठ घाटों की साफ–सफाई कार्य। (छठ घाट के समतलि करण एवं पानी के अन्दर जलकुंभी के निस्तारण सहित साफ–सफाई का कार्य)	1,00,000 (एक लाख)	5000	As Pereproc2.0
	छठ घाटों पर तीन लेयर में अस्थायी रूप से बॉस–बल्ले से बैरिकेटिंग का अधिष्ठापन कार्य। सभी छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग कक्ष का निर्माण। छठ घाट से सड़क मार्ग तक लाईटिंग एंव झालर लाइट की लरिया लगाई जाये। अस्थायी शौचालय महिलाओ एंव पुरूषो के लिए अलग अलग बनाये जाएंगे।			
	छठ घाटों के समीप अस्थायी बॉस–बल्ले से निर्मित होर्डिंग बोर्ड फ्लैक्स के साथ अधिष्ठापन कार्य।			

9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, सहरसा

PR- 014179 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

लोकनायक मंडल के सदस्यों ने भी किया मतदान

पटना (आससे)। पटना स्नातक निर्वाचक चुनाव के राहत , भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर अंतर्गत



लोकनायक मंडल के अध्यक्ष नितिन कुमार,पटना महानगर के मंत्री मनोज कुमार एवं रितेश तुलस्यान ने,अपने निर्वाचक क्षेत्र अंतर्गत हिंदी साहित्य सम्मेलन कदमकुआं के बूथ संख्या 46 पे मतदान किया।

पटना कॉलेज, साइंस कॉलेज एवं मगध महिला कॉलेज में हुआ मतदान

पटना (आससे)। पटना के बांकीपुर क्षेत्र में स्नातक और शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पटना के पटना कॉलेज, साइंस कॉलेज एवं मगध महिला कॉलेज में स्नातक और शिक्षक निर्वाचन के लिए सुबह से ही मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। जहां मतदाताओं ने अपना-अपन मत का प्रयोग किया। पुलिस प्रशासन के बीच पूरी सुरक्षा के बीच सभी मतदाताओं ने मतदान का प्रयोग किया। सभी मतदाता वोट करने के लिए लाइन में प्रतिबद्ध खड़े रहे। अपनी मत का प्रयोग करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मतदान केन्द्रों पर भारी पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रहीं। स्थानीय थानाध्यक्ष भी समय-समय पर सभी बूथों का भ्रमण करते दिखें।

बिहार सरकार

नगर निगम, गयाजी
ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 26/2026–27
(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : नगर आयुक्त, गया नगर निगम
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक– 22.10.2026
3. निविदा प्रारम्भ करने की तिथि/समय : दिनांक– 06.11.2026 को 10:00 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बिड मीटिंग का समय स्थान/तिथि : समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय, गया नगर निगम दिनांक– 06.11.2026
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक– 12.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–12.11.2026 के 15:30 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड निष्पादन के बाद (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
8. कार्य का विवरण:–

ग्रुप सं0	नगर निकाय का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Non refundable)	Bid Processing Fee (Through Online Payment)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Nagar Nigam, Gayaji	Construction of ABC Centre, Dog Shelter (100 Kannels) and Boundary Wall under Nagar Nigam, Gayaji.	1,46,23,200	2,92,500	10000	As per eproc 2.0	06 Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amoun generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

नगर आयुक्त
नगर निगम, गयाजी

PR. No. 014209 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।